## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 जुलाई की शाम को पहुंचेंगे जगाधरी, नगर निगम क्षेत्र में प्रवेश करते ही होगा भव्य स्वागत

# सीएम के स्वागत में सजी ट्विनसिटी, रंगीन लाइटों से जगमग हुए चौक-चौबारे

### सड़क किनारे दीवारों पर करवाई गई है सुंदर पेंटिंग, पेड़ों के तनों को भी किया गया है पेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन को लेकर ट्विनसिटी पूरी तरह सज-धज कर तैयार हो चुकी है। 26 जुलाई को आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय नशे से जंग यमुनानगर के संग मैराथन दौड़ की तैयारियों को नगर निगम ने अंतिम रूप दे दिया है। शहर के हर प्रमुख चौक और मार्ग को सुंदर पौधों, रंग बिरंगे गमलों, डेकोरेटिव लाइटों और तिरंगा रोशनी से जगमग कर दिया गया है।

मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 जुलाई की शाम को ही जगाधरी पहुंच जाएंगे। नगर निगम क्षेत्र में प्रवेश करते ही उनका भव्य एवं ग्रैंड वेलकम किया जाएगा। नगर निगम द्वारा चलाए गए विशेष स्वच्छता व सौंदर्यीकरण अभियान के तहत अंबाला रोड, जगाधरी-पांवटा साहिब रोड, रेलवे रोड, जगाधरी-यमुनानगर रोड, गोविंदपुरी रोड और जगाधरी वर्कशॉप रोड का कायाकल्प कर दिया गया है। डिवाइडरों को काले सफेद रंग से पेंट किया गया है जबकि सड़क किनारे दीवारों पर सुंदर चित्रकारी व पेंटिंग कराई गई है। पेड़ों की छंटाई कर तनों पर पेंट किया गया है। सड़क किनारे उगी झाड़ियों व जमी मिट्टी को हटाकर किनारों को समतल बनाया गया है। सड़कों की मरम्मत, जेब्रा क्रॉसिंग और रोड सेफ्टी से जुड़े सभी मानकों को दुरुस्त कर दिया गया है।

#### मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे मुख्यमंत्री



यमुनानगर। जगाधरी में आकर्षक लाइटों से जगमग होता चौक। फोटो : हरिभूमि

#### रात में तिरंगा व एक्रिलिक लाइटें चमकेंगी

शहर के चौकों को एक्रिलिक व डेकोरेटिव लाइट्स और आकर्षक चुन्नियों से सजाया गया है। रात के समय पूरा मैराथन रूट स्ट्रीट लाइटों, तिरंगा रोशनी और यूनिपोल एक्रिलिक लाइट बोर्ड्स से नहा उठता है। जगह-जगह मुख्यमंत्री के स्वागत और मैराथन दौड़ से जुड़े विशाल होर्डिंग्स व बोर्ड लगाए गए हैं।

## मैराथन रूट पर धावकों के लिए की गईं व्यापक सुविधाएं

### नगर निगम के आयुक्त ने अधिकारियों के साथ मैराथन रूट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नशा से जंग, यमुनानगर के संग मैराथन दौड़ को लेकर धावकों के लिए रूट मार्ग पर चल रही तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस रुट पर 26 जुलाई को सुबह सवा पांच बजे आयोजित की जाने वाली मैराथन दौड़ को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरीझंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

रुट मार्ग पर धावकों को कोई परेशानी नहीं आए के लिए सभी इंतजाम किए जा रहे हैं। इस संबंध में नगर निगम के आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अन्य अधिकारियों के साथ रुट मार्ग के विभिन्न स्थानों पर जाकर निरीक्षण किया।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि धावकों को रूट मार्ग पर कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। रूट मार्ग पर सभी व्यवस्थाएं व इंतजाम पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैराथन के भव्य आयोजन को सुचारू बनाने के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने मैराथन के शुभारंभ स्थल और पूरे रूट पर प्रतिभागियों की सुविधा के लिए पर्याप्त पेयजल व्यवस्था, मोबाइल शौचालय, रिफ्रेशमेंट और प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस और मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान धावकों या आम जनता को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ अपनी जिम्मेदारियां गंभीरता के साथ निभाएं।


यमुनानगर। मैराथन दौड़ के रुट का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश देते नगर निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

#### नशा मुक्त समाज का संदेश देगी मैराथन दौड़

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि यह मैराथन केवल एक खेल आयोजन या दौड़ नहीं है। बल्कि युवाओं और समाज को नशे के खिलाफ एकजुट करने का एक व्यापक जन अभियान है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और एक नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है।

#### सुंदर और गड्ढा मुक्त बना मैराथन रूट

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने सड़कों की मरम्मत, डिवाइडरों की रंगाई,पुताई, आकर्षक पौधे व गमले लगाने, पेड़ों की छंटाई (ट्रिमिंग), झंडे लगाने, अतिक्रमण हटाने और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैराथन मार्ग में आने वाली सभी सड़कों को पूरी तरह गड्ढा मुक्त व सुंदर बनाया जाए। पूरे रूट पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए ताकि धावकों को एक स्वच्छ और सकारात्मक माहौल मिल सके। सड़क किनारे ईंट, कंकड़ व पत्थर आदि को साफ करें। मौके पर पीडब्ल्यूडी व निगम के कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, हरीश कुमार व मनदेव सिंह ने बताया कि रूट को पूरी तरह गड्ढा मुक्त बना दिया गया है। डिवाइडर पेंट हो चुके हैं। पेड़ों की ट्रिमिंग अंतिम चरण पर है। डिवाइडर पर सुंदर पौधे रोपित कर दिए गए है।

## शाहपुर मार्ग पर 2.5 एकड़ क्षेत्र में चल रहा था निर्माण कार्य

# सख्ती: अनधिकृत कालोनी पर जिला नगर योजनाकार विभाग का चला पीला पंजा

### अवैध निर्माण ढहाने के दौरान तैनात रही भारी पुलिस फोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा नियंत्रित एरिया में पड़ने वाले राजस्व संपदा शाहपुर मार्ग स्थित अनधिकृत रूप से विकसित हो रही कालोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान जिला नगरयोजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने जिलेवासियों को अनधिकृत कालोनियों में अपनी मेहनत से कमाई हुई पूंजी निवेश नहीं करने का आहवान किया।

नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि नियंत्रित क्षेत्र में पड़ने वाले राजस्व संपदा मौजा शाहपुर मार्ग पर एक अनधिकृत कालोनी विकसित की जा रही है। सूचना मिलते ही मामले के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। जिसके बाद उपायुक्त प्रीति ने सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। उनके आदेशानुसार विभाग के स्टाफ के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किए गए सरस्वती हेरिटेज व्यासपुर के एसडीओ अंकुश कुमार की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर 2.5 एकड़ में विकसित की जा रही अनधिकृत कालोनी में जेसीबी मशीन की मदद के तोड़फोड़ की गई। इस दौरान जेसीबी मशीन की मदद से कालोनी में बन रही सड़कों व अन्य निर्माण कार्य को तोड़ा गया।


यमुनानगर। व्यासपुर में शाहपुर मार्ग पर अनाधिकृत कालोनी में नगर योजना कार विभाग का चलता हुआ पीला पंजा।

#### कार्रवाई से पहले दिए गए थे नोटिस

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि अनाधिकृत कालोनी में कार्रवाई करने से पहले चूककर्ताओं कन्ट्रोल एरिया एक्ट नंबर 12 की उपधारा 2 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे । मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और अवैध कालोनी की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं ली गई। जिसके बाद अनाधिकृत कालोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

#### अवैध कालोनी में न खरीदें प्लाट

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने सभी जनसाधारण को सूचित किया कि कोई भी व्यक्ति किसी अवैध कालोनी में प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि फिर भी कोई व्यक्ति अवैध कालोनी में अवैध निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा जिला प्रशासन द्वारा उसके विरुद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

### दून पब्लिक स्कूल के हरनूर सौ मीटर दौड़ में रहे अव्वल

राद‍ौर। दून पब्लिक स्कूल बुबका के खिलाड़ियों ने पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जठलाना में आयोजित ब्लाकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या रेका कांबोज व अन्य स्टाफ सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों के स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। स्कूल की प्रधानाचार्या रेखा कांबोज ने बताया कि गत दिवस पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ विद्यालय जठलाना में ब्लाकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उनके स्कूल के विभिन्न आयु वर्ग के छात्रों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल के छात्र हरनूर ने 14 वर्ष की आयु वर्ग की सौ मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्रा भाविका ने अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग की शाटपुट प्रतियोगिता में प्रथम, अंडर 17 आयुवर्ग की शाटपुट प्रतियोगिता में लक्षिता ने द्वितीय, इसी भार वर्ग की सौ मीटर दौड़ में छात्रा आयुषी ने द्वितीय व आयुष खान ने 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। जबकि अंडर 19 आयु वर्ग की शॉट पुट और डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में अंकुश सैनी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी तरह पुरुष वर्ग की शाटपुट प्रतियोगिता में लविश ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, अंडर 17 आयु वर्ग के लांग जंप में विरांश ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि अंडर 17 आयु वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में लड़कों की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह वालीबाल प्रतियोगिता में भी उनके स्कूल की लड़कों की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्या रेखा कांबोज ने बताया कि विजेता खिलाड़ी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने मौके पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और बच्चों को निरंतर ऐसे ही प्रगति करने की शुभकामनाएं दी।



# डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर ने खेलों में जीते 27 स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

डीएवी क्लस्टर खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 स्वर्ण, 33 रजत एवं 16 कांस्य पदक जीतकर नाम रोशन किया।

विद्यालय के प्राचार्य रमन कुमार शर्मा ने बताया कि डीएवी क्लस्टर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हरियाणा के विभिन्न जिलों में किया गया। जिसमें कुरुक्षेत्र एवं यमुनानगर जिले के लगभग दस विद्यालयों ने भाग लिया। बैडमिंटन प्रतियोगिता सेक्टर-3 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई। जिसमें विद्यालय की अंडर-14, अंडर 17 एवं अंडर 19 वर्ग की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में पदक अर्जित किए। वहीं पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में विनीत, हृदयांश, हर्षित, आरव व पार्थ सहित अन्य खिलाड़ियों ने सराहनीय प्रदर्शन कर अंडर 14 एवं अंडर 19 वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। अंडर 17 वर्ग के छात्रों ने कांस्य पदक प्राप्त किया जबकि अंडर 14 एवं अंडर 19 वर्ग की टीमों ने रजत पदक अपने नाम किए। विद्यालय लौटने पर सभी विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। प्राचार्य रमन कुमार शर्मा ने सभी को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी।



## जिला सचिवालय के समक्ष जताया विरोध, राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# इनेलो ने दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफ किया प्रदर्शन

### इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

इंडियन नेशनल लोकदल के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के जंतर मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान इनेलो कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त प्रीति को ज्ञापन सौंपकर मामले में उच्चस्तरीय जांच करवाए जाने की मांग की।

शुक्रवार सुबह इनेलो के सैंकड़ो कार्यकर्ता पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मामले में निष्पक्ष जांच करवाए जाने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। इंडियन नेशनल लोकदल के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह ने कहा कि नई दिल्ली के जंतर मंतर पर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित रूप से पुलिस ने बल प्रयोग किया। जिसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है।



यमुनानगर। प्रदर्शन करते इनेलो के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

#### महिला प्रदर्शनकारियों से अभद्रता से पहुंची ठेस

दिलबाग सिंह ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि कुछ छात्रों के साथ मारपीट, अपमानजनक व्यवहार तथा महिला प्रदर्शनकारियों के साथ कथित अभद्रता की गई है। जिससे लोगों के मन को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिन से जंतर मंतर पर छात्र शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे थे। मगर उस समय सरकार ने उनके साथ बातचीत का रास्ता नहीं अपनाया। लेकिन 20 जुलाई को शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करते हुए छात्रों पर अचानक पुलिस ने लाठियां भांजकर बर्बरता की पूरी सीमा को लांघ दिया। जिसकी इंडियन नेशनल लोकदल कड़ी निंदा करता है। उन्होंने राष्ट्रपति से पूरे मामले की उच्चस्तरीय और स्वतंत्र जांच कराए जाने, दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। साथ ही यदि महिला प्रदर्शनकारियों के साथ अभद्र व्यवहार की पुष्टि होती है तो संबंधित पुलिस कर्मियों पर भी कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई गई।

## न्यूज डायरी



### अष्टविनायक स्कूल में बच्चों को दिखाया मैजिक शो

रादौर। अष्टविनायक पब्लिक स्कूल खरकाली के विद्यार्थियों को रामकुंडी धर्मशाला में आयोजित मैजिक शो का शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के दूसरी से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। मैजिक शो में जादूगर ने एक से बढ़कर एक आकर्षक और हैरतअंगेज जादुई करतब प्रस्तुत किए जिन्हें देखकर बच्चे रोमांचित हो उठे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने खूब आनंद लिया और तालियों की गूंज से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल के चेयरमैन डॉ.अमन पंजेटा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों की रचनात्मक सोच, जिज्ञासा और मानसिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं। भ्रमण के दौरान विद्यालय के स्टाफ सदस्य भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे और बच्चों की सुरक्षा एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाता है ताकि बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं रचनात्मक अनुभव भी प्राप्त हो सके।



### स्वामी आत्मारामानंद महाराज का जन्मदिवस मनाया

रादौर। छोटाबांस में स्थित श्री रामविचार वाटिका में संस्थापक स्वर्गीय स्वामी आत्मारामानंद महाराज के 125 वें जन्मदिवस के अवसर पर सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व आयोजित हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। वहीं, कार्यक्रम में झंडे की रस्म अदा की गई। श्री रामविचार वाटिका के गद्दीनशीन स्वामी उदयात्मानंद महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए संतों ने श्रद्धालुओं को गुरु की महिमा के बारे में अवगत करवाया। मौके पर आयोजि भजनों पर साध संगत ने झूमकर आनंद मनाया। स्वामी उदयात्मानंद महाराज ने बताया कि श्री रामविचार वाटिका के संस्थापक स्वर्गीय स्वामी आत्मारामानंद जी महाराज ने लगभग 66 वर्ष पहले वाटिका की स्थापना की थी। श्री रामविचार वाटिका में दशकों से जनता को आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार किया जाना जारी है। श्री रामविचार वाटिका की ओर से देश विदेश के लोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से हर प्रकार की बीमारी का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1959 में स्वामी आत्मारामानंद जी महाराज ने गांव छोटाबांस में रामविचार डेरे की स्थापना की थी।



### जनता का अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी

यमुनानगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर व जिला शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती नगर स्थित जनता ग्रुप शिक्षण संस्थान में कानूनी जागरुकता शिविर लगा। शिविर का उद्देश्य आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता, सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना रहा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) सुमित्रा कादियान ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। मौके पर उन्होंने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। सीजेएम एवं प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आयोजित होने से लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी मिलती है।



### भाजपा की नीतियों से जनता प्रभावित: राणा

रादौर। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही प्रदेश की भाजपा सरकार बिना भेदभाव के राज्यभर में विकास कार्य करवा रही है। यही वजह है कि भाजपा की नीतियों व योजनाओं से प्रभावित होकर देश व प्रदेश की जनता भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने उक्त शब्द रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव अलीपुरा, सढ़ूरा, बापा, बापौली, पूर्णगढ़, खेड़ी व घिलौर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठकों में शिरकत करते हुए कहे। मौके पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने कृषि मंत्री को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की पहचान एवं मजबूत कड़ी होते हैं। जिस पार्टी का कार्यकर्ता मेहनती, नेतृत्व बेहतर एवं मजबूत होगा। वह पार्टी हमेशा आगे बढ़ेगी और जीत हासिल करेगी।

## खबर संक्षेप

### तीन कर्मियों को अधीक्षक पदोन्नति पर दी बधाई

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा शाखा के विकास शर्मा, रजिस्ट्रार कार्यालय के अंशुल शर्मा तथा आउटसोर्स नॉन-टीचिंग सेल के नरेंद्र शर्मा को अधीक्षक पद पर पदोन्नत किए जाने पर विवि के सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठ कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा तथा कुलसचिव डॉ. वरिंदर कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे कर्मचारियों की कार्यकुशलता और समर्पण का सम्मान बताया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविंदर सचदेवा, जगदीश पाहवा, सेवानिवृत्त अधीक्षक कृष्ण कुमार सिंधवानी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर देविंदर सिंह संधू, पूर्व परीक्षा नियंत्रक एवं नॉन-टीचिंग एम्प्लॉईज एसोसिएशन के पूर्व प्रधान बाबू राम गुप्ता, सेवानिवृत्त अधीक्षक मेला राम शर्मा तथा सीनियर मॉडल स्कूल में सहायक प्रताप राम सहित अनेक वरिष्ठजनों ने पदोन्नत अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### टीबी मुक्त अभियान का हुआ तीसरा कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा टीबी मुक्त कुरुक्षेत्र अभियान के अंतर्गत कृष्णानगर गामड़ी में निःशुल्क टीबी जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 119 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान लोगों की निःशुल्क टीबी जांच की गई इसके अतिरिक्त लोगों को टीबी से बचाव, समय पर जांच एवं नियमित उपचार के प्रति जागरूक भी किया गया। इसके साथ-साथ लोगों को परामर्श और निशुल्क दवाइयां दी गई।

### छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में वकीलों ने जताया विरोध

**कुरुक्षेत्र।** जंतर-मंतर पर पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों-युवाओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन, कुरुक्षेत्र के वकीलों ने विरोध जताया। वकीलों ने कहा कि परीक्षाओं में पारदर्शिता और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे छात्रों से बातचीत करने के बजाय उन पर पुलिस बल का प्रयोग किया गया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की मांगों पर ध्यान देने के बजाय आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है।

### सभी सदस्यों को साथ लेकर चलेंगे: रीना कुमारी

**करनाल।** जिला परिषद की नवनिर्वाचित चेयरमैन रीना कुमारी खरकाली ने कहा कि वह सभी सदस्यों को साथ लेकर चलेंगी और विकास कार्यों के लिए बजट का समान रूप से वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव उनकी कार्यशैली के कारण पारित हुआ, इसे जातिवाद का रंग देना दुर्भाग्यपूर्ण है। रीना कुमारी ने कहा कि उनके साथ सभी वर्गों के सदस्य हैं और जिला परिषद में जातिवाद की कोई जगह नहीं है। वर्तमान में 17 से अधिक सदस्य उनके साथ हैं तथा पार्टी जिस व्यक्ति को चेयरमैन बनाएगी, वह उसी निर्णय का सम्मान करेंगी।

## जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंजी धर्मनगरी

# कुरुक्षेत्र में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र शुक्रवार को भगवान श्रीजगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा के दौरान भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठी। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा आयोजित इस यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे शहर में हरिनाम संकीर्तन, पुष्पवर्षा, रंगोली और भगवान को अर्पित 56 भोग ने भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया। रथ यात्रा से पूर्व दोपहर 12 बजे ज्योतिसर स्थित इस्कॉन श्रीकृष्ण-अर्जुन मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा महारानी की महाआरती की गई। वैदिक मंत्रोच्चार, भक्ति संगीत और आकर्षक पुष्प सज्जा के बीच श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। आरती के बाद सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद (लंगर) की व्यवस्था की गई। शाम 5 बजे ब्रह्मसरोवर से भगवान जगन्नाथ का भव्य रथ रवाना हुआ। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ रस्सियों से रथ खींचा। /"हरे कृष्ण, हरे राम/" महामंत्र के संकीर्तन से पूरा वातावरण गूंज उठा। रथ यात्रा बिरला मंदिर, रेलवे रोड, पीपली रोड होते हुए सेक्टर-13 स्थित कम्युनिटी सेंटर तक लगभग पांच किलोमीटर के मार्ग से निकली। यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत द्वार बनाए, रंगोली सजाई और फूलों से स्वागत किया। कई स्थानों पर क्रेन के माध्यम से पुष्पवर्षा की गई। भगवान को पारंपरिक विधि से तैयार 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए, जिन्हें बाहर से आए विशेष भक्तों ने तैयार किया था। रथ यात्रा की विशेष आकर्षण पूरे देश से पहुंचे युवा भक्तों की संकीर्तन मंडलियां रहीं। मृदंग, करताल और नृत्य के साथ युवाओं ने हरिनाम संकीर्तन किया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने भी पूरे उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान हरियाणा पुलिस, जिला प्रशासन, नगर निगम तथा इस्कॉन के स्वयंसेवकों ने सुरक्षा, यातायात, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की। स्वयंसेवक पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की सहायता और व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे। रथ यात्रा का समापन सेक्टर-13 स्थित कम्युनिटी सेंटर में विशाल रात्रि भंडारे के साथ हुआ, जहां सात हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल प्रभुजी ने कहा कि रथ यात्रा केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि भगवान की विशेष कृपा का प्रतीक है, जिसमें भगवान स्वयं भक्तों के बीच आकर उन्हें दर्शन देते हैं। वहीं उपाध्यक्ष मोहन गौरचंद्र प्रभुजी सभी सेवादाताओं, स्वयंसेवकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में इससे भी अधिक भव्य रथ यात्रा आयोजित करने का संकल्प दोहराया।


रथ को खींचते श्रद्धालु।

### क्रेन से अर्पित किए गए 56 भोग

रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ को विशेष रूप से 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं के लिए यह दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जब क्रेन की सहायता से ऊंचाई पर विराजमान भगवान को भव्य 56 भोग समर्पित किए गए। भक्तों ने जयघोष एवं हरिनाम संकीर्तन के बीच भगवान को भोग अर्पित होते हुए देखा और दिव्य दर्शन का लाभ प्राप्त किया।


**कुरुक्षेत्र।** शहर से निकलती रथ यात्रा।

### मुख्य अतिथियों ने खींची रथ की रस्सी, लिया भगवान का आशीर्वाद

रथ यात्रा में हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। अतिथियों ने भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी की आरती कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा रथ की रस्सी खींचकर यात्रा में भाग लिया। उन्होंने इस्कॉन द्वारा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।


**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते हसला के पदाधिकारी।

## पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए चलाया जाएगा हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन जिला कुरुक्षेत्र द्वारा पुरानी पेंशन योजना की बहाली के समर्थन में जिलेभर में ओपीएस संकल्प अभियान-2026 एक हस्ताक्षर -पुरानी पेंशन बहाली का सशक्त संकल्प/" का आगाज किया। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों तथा अन्य सरकारी शिक्षण संस्थानों में कार्यरत प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के हस्ताक्षर एकत्रित किए जाएंगे। इन हस्ताक्षरों को संकलित कर माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार को सामूहिक जन-समर्थन के रूप में प्रेषित किया जाएगा। हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) के जिला अध्यक्ष डॉ. तरसेम कौशिक ने पेहोवा खंड प्रधान गुरमीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ रविदत्त, जिला प्रेस सचिव संजीव जिंदल, जिला वित्त सचिव अलीशेर, राममेहर. अध्यापक संघ के जिला प्रधान वीरेंदर सिंह गढ़ी रोडान के साथ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पेहोवा, पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पेहोवा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ईसाक तथा बाखली में प्राध्यापक तथा शिक्षक साथियों के साथ जन संपर्क करके मुहीम का आगाज किया।

### पुरानी पेंशन योजना कर्मियों का अधिकार, सरकार निभाए जिम्मेदारी

डॉ तरसेम कौशिक ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना केवल कर्मचारियों की एक मांग नहीं, बल्कि सेवा-निवृत्ति के उपरांत उनकी सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता एवं सम्मानजनक जीवन से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। एक सरकारी कर्मचारी अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय राष्ट्र निर्माण, शिक्षा के विकास और समाज की सेवा में समर्पित करता है। इसलिए सेवानिवृत्ति के बाद उसके जीवन की गरिमा और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रत्येक लोक-कल्याणकारी सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। जिला संरक्षक डॉ शीशपाल जांगड़ा तथा चेयरमैन सतबीर कौशिक ने कहा कि देश के अनेक राज्यों में पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई है।

## युवा शक्ति को स्वावलंबन का संदेश, बी.आर. इंटरनेशनल स्कूल में हुआ उद्यमिता सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मैनेजमेंट सदस्य सिम्मी चोपड़ा के सहयोग से स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन की ओर से उद्यमिता से स्वावलंबन विषय पर एक प्रेरणादायक सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एक्टिविटी इंचार्ज रीटा शुक्ला ने छत्तीसगढ़ राज्य में स्वावलंबन भारत के चेयरपर्सन एवं मुख्य वक्ता जगदीश पटेल का स्वागत किया। सेमिनार का उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा की भावना विकसित करना तथा उन्हें स्वरोजगार और उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था। मुख्य वक्ता जगदीश पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा यदि कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता को अपनाते हैं तो वे न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के



अवसर सृजित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर युवा ही राष्ट्र को स्वर्णिम भविष्य की ओर अग्रसर कर सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। वहीं प्राचार्या पूजा कंबोज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उद्यमिता और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की और स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।

### छत्रपति शाहूजी महाराज जयंती पर आगरा में होगी प्रबुद्धजन शिखर वार्ता

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक न्याय, शिक्षा, समानता और संविधान के मूल्यों पर व्यापक मंथन के उद्देश्य से ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा (पंजीकृत) की ओर से 26 जुलाई को छत्रपति शाहूजी महाराज जयंती के अवसर पर 'आगरा प्रबुद्धजन शिखर वार्ता' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे यूथ हॉस्टल, एमजी रोड, आगरा में आयोजित होगा। महासभा की प्रदेशाध्यक्ष रीना गावस्कर वाल्मीकि ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश बहादुर होंगे, जबकि राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अमरीक सिंह बंगड़ उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में रीना गावस्कर वाल्मीकि मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक न्याय, शिक्षा और संविधान के विषय पर अपने विचार रखेंगी। उन्होंने बताया कि शिखर वार्ता में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता और युवा भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य छत्रपति शाहूजी महाराज के सामाजिक सुधार, शिक्षा के प्रसार तथा वंचित वर्गों के उत्थान संबंधी विचारों को वर्तमान संदर्भ में जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान संविधान में निहित समानता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## स्वदेशी जागरण फाउंडेशन ने जैन स्कूल में लगाया जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्वदेशी फाउंडेशन जागरण के द्वारा बच्चों को स्वदेशी के प्रति जागरूक करने के लिए तथा आत्मनिर्भर भारत को विकसित करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वदेशी जागरण फाउंडेशन के जिला संयोजक डॉ. अजय जांगड़ा ने बच्चों को अपने देश के द्वारा बनाई गई वस्तुओं के प्रति जागरूक किया तथा उनकी उपयोगिता के महत्व को समझाएं। उन्होंने कहा भारत की युवा वर्ग को आत्मनिर्भर बनना चाहिए



**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करते स्वदेशी जागरण फाउंडेशन के जिला संयोजक डॉक्टर अजय जांगड़ा।

ताकि हम अन्य बेरोजगारों को रोजगार प्रदान कर सकें। स्वदेशी जागरण की इस मुहिम में युवा वर्ग का सबसे अधिक योगदान है क्योंकि युवा ही किसी राष्ट्र के कर्णधार होते हैं। जापान जैसे विकसित देश के बाद भारत की जनसंख्या सबसे अधिक युवाओं की है। भारतीय युवाओं को आत्मनिर्भरता का और स्वावलंबी बनते हुए ऐसे सशक्त समाज का निर्माण करना चाहिए जहां पर हम बेरोजगारी को जड़ से मिटा सके।


**पिहोवा।** समारोह में मौजूद भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी।

### जनहित में निरंतर कार्य कर रही हैं मोदी एवं नायब सरकार: जय भगवान शर्मा डीडी

**पिहोवा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार प्रदेश में आमजन के हितों के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे और इसके लिए सरकार दिन-रात प्रयासरत है। डीडी शर्मा ं हल्के के गांव गढ़ी लांगरी स्थित डेरा मक्खन सिंह पर करनैल सिंह के निवास स्थान पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों एवं ग्रामीणों ने जय भगवान शर्मा 'डीडी' का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। डीडी शर्मा ने अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में विकास कार्यों की गति तेज हुई है।

## मैंगो मेले ने कृषि, संस्कृति और पर्यटन के संगम को दी नई पहचान: अनुभव मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा की तीन दिवसीय मैंगो मेला ने यह सिद्ध किया है कि आम केवल स्वाद का विषय नहीं, बल्कि कृषि, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और उद्यमिता से जुड़ी एक बड़ी पहचान है। देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रगतिशील बागवानों ने 100 से अधिक किस्मों के आमों का प्रदर्शन कर इस मंच को राष्ट्रीय स्वरूप दिया है। एसडीएम अनुभव मेहता शुक्रवार को उष्णकटिबंधीय उप केंद्र लाडवा में 8 वें मैंगो मेला के दूसरे दिन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। एसडीएम अनुभव मेहता ने स्टॉलों का निरीक्षण कर सभी


**लाडवा।** मैंगो मेले में अवलोकन करते एसडीएम अनुभव मेहता व अन्य।

प्रकार की वैरायटी व अन्य प्रकार की जानकारी हासिल की। मेले में दशहरी, लंगड़ा, चौसा, आम्रपाली, मल्लिका, रटौल, केसर और अनेक अन्य किस्मों ने यहां आने वाले आगंतुकों को आकर्षित किया। इस मौके पर किसानों के लिए यह आयोजन अनुभव साझा करने, नई तकनीकें जानने और बाजार की संभावनाओं को समझने का सशक्त माध्यम भी बना। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि सरकार बागवानी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इस सब-ट्रॉपिकल फ्रूट सेंटर किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों से जोड़ने का प्रभावी केंद्र बन चुका है। ये प्रयास केवल योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इस विश्वास का प्रमाण हैं कि आने वाला समय बागवानी, विविधीकरण और मूल्य संवर्धन का है।


**कुरुक्षेत्र।** राजकीय विद्यालय में पौधरोपण करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

### रोटरी क्लब ने स्कूल में 500 से अधिक पौधे रोपे

**कुरुक्षेत्र।** रोटरी क्लब कुरुक्षेत्र की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-13, कुरुक्षेत्र में भव्य पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में लगभग 500 विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। साथ ही परिसर को और आकर्षक बनाने के लिए सुंदर हरी घास भी बिछाई गई, जिससे आने वाले समय में यह स्थान बच्चों के लिए एक हराभरा और प्राकृतिक उद्यान के रूप में विकसित हो सके। रोटरी क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष लक्की काठपाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्यालय में विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए गए हैं। रोटरी क्लब कुरुक्षेत्र ने विश्वास दिलाया कि पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि समाज में हरियाली बढ़े और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। इस अवसर पर सचिव वरुण कपूर, कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक अग्रवाल, एस.जी.टी. संजीव छाबड़ा, डॉ. सुभाष गर्ग, रूपिंदर ठाकुर, डॉ. नीरज मित्तल आदि मौजूद रहे।

## कबड्डी में खिजरपुरा की बेटियां बनी चैंपियन रामगढ़ को 31-2 से हराकर जीती प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजकीय माध्यमिक पाठशाला खिजरपुरा की अंडर-14 बालिका कबड्डी टीम ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में खिजरपुरा की टीम ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय, रामगढ़ की टीम को एकतरफा मुकाबले में 31-2 के बड़े अंतर से पटखनी देते हुए ब्लॉक स्तर पर चैंपियन का खिताब जीता। शानदार जीत के साथ टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ब्लॉक स्तर पर चैंपियन बनने पर गांव के सरपंच अनिल कुमार ने बेटियों को बधाई देते हुए


**कुरुक्षेत्र।** विजेता टीम के खिलाड़ी।

कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेल संसाधन मुहैया करवाए जाएंगे। टीम के मुख्य कोच संदीप सिंह माचल तथा पीटीआई सुशील कुमार ने बताया कि अंडर-14 में खिजरपुरा की टीम ने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीम को कोई मौका नहीं दिया। विद्यालय के मुख्याध्यापक कश्मीर चंद्र ने कहा कि बेटियों ने विद्यालय का नाम पूरे ब्लॉक में रोशन किया है और उन्हें विश्वास है कि टीम जिला स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी।

## लव कुमार, कार्तिक व हार्दिक वर्मा का जिला स्तर के लिए चयन

# ब्लॉक खेलों में नवयुग स्कूल खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं की कड़ी में कुरुक्षेत्र में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलों में नवयुग स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। हर साल आयोजित होने वाली इन खेल प्रतियोगिताओं में शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं, जिससे बच्चों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच मिलता है। इस वर्ष भी प्रतियोगिताओं में कड़ा


**कुरुक्षेत्र।** चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते विद्यालय के डायरेक्टर बी. डी. गाबा एवं प्रधानाचार्य देवेंद्र अरोड़ा।

मुकाबला देखने को मिला, जिसमें नवयुग स्कूल के कक्षा द्वादश के छात्र लव कुमार ने हॉकी (अंडर-19) में अपनी टीम के लिए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक लेवल पर क्वालीफाई किया और जिला स्तर के लिए सिलेक्ट हुए। वहीं कक्षा नवम की छात्रा दीक्षा(अंडर -17),छात्र कार्तिक, कक्षा सप्तम के छात्र हार्दिक वर्मा ने ताइक्वांडो (अंडर-14) में अपने शानदार दांव-पेच और खेल कौशल के बल पर जिला स्तर के लिए अपनी जगह पक्की की।छात्रों की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर बी. डी. गाबा एवं प्रधानाचार्य देवेंद्र अरोड़ा ने इन होनहार खिलाड़ियों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी हैं, बल्कि ये उनमें अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व जैसे गुणों का भी विकास करते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही यह विश्वास भी जताया कि ये दोनों खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देकर स्कूल और जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के डीपीई जसमेर बच्चों के साथ उपस्थित रहे।

